# भा वा अ शि प - वन उत्पादकता संस्थान, राँची

## (भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023

दिनांक : 30.10.2023 से 05.11.2023



भा वा अ शि प - वन उत्पादकता संस्थान, रांची में 30 अक्टूबर 2023 से 5 नवम्बर 2023, तक "**भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें**" विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस सप्ताह की शुरूआत 30 अक्टूबर को संस्थान के निदेशक डॉ. अमित पाण्डेय एवं संस्थान के सतर्कता अधिकारी डॉ. अनिमेष सिन्हा के द्वारा संस्थान के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एव विद्यार्थियों को अपने कार्यकलापों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता बनाए रखने की शपथ दिलाकर की गई।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2023 के कार्यक्रमों हेतू निर्धारित अवधि के दौरान क्विज, चित्रकला, और निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें तीन विद्यालय – i) राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, नगड़ी; ii) राजकीयकृत मध्य विद्यालय, जगन्नाथपुर; iii) टीवीएस उच्च विद्यालय, जगन्नाथपुर के विद्यार्थियों सहित संस्थान के सभी कर्मी तथा उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने भी भाग लिया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में संस्थान के सतर्कता अधिकारी ने विश्व तथा भारत में भ्रष्टाचार के आंकडों को दर्शाते हुए इसके उन्मूलन के प्रयासों की जानकारी दी साथ ही भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सभी को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतू अनुरोध किया। मुख्य आतिथि के रूप में श्री शैलेन्द्र सिन्हा, उप महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि वर्तमान भारत में भ्रष्टाचार तथा इनके तरीकों में अत्यधिक वृद्धि हुई है, हमें अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए तथा ईमानदारी से काम करने वालों का साथ देना चाहिए, अपने आसपास के लोगों को जागरूक करना चाहिए और भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा डंटे रहना चाहिए। समापन समारोह में संस्थान के निदेशक ने विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार मुक्त जीवन की राह पर चलने की सलाह दी, साथ ही संस्थान द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने जीवन में परिश्रम, अनुशासन, सत्यनिष्ठा एवं पारदर्शिता पर भी बल दिया एवं विजेताओं को स्मृति चिन्ह सहित प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया। समारोह के अंत में अनुसंधान समूह समन्वयक डॉ. योगेश्वर मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह की झलकियाँ











# सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का आयोजन

**दिनांक : 30.10.2023 से 05.11.2023**

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अमित पाण्डेय, वरिष्ठ वैज्ञानिकों डॉ. योगेश्वर मिश्रा, डॉ. अनिमेष सिन्हा, डॉ. आदित्य कुमार, श्रीमति अंजना तिर्की (आई.एफ़.एस), श्रीमति रूबी कुजूर, डॉ. सुभाष चंद्र सोनकर, रविशंकर प्रसाद, आर आर लाल, निशार आलम, सुशीत बनर्जी, सूरज कुमार, बसंत कुमार, करम सिंह मुंडा, अतनु सरकार एवं संस्थान के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम् भूमिका निभायी।






**समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण (06.11.2023)**






**आईएफपी, रांची द्वारा क्विज एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन**















## भा वा अ शि प - वन उत्पादकता संस्थान, रांची द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के अवलोकन पर मीडिया कवरेज

प्रभात खबर | रांची-आसपास | रांची, बुधवार 08.11.2023 | 19

# ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की दिलायी गयी शपथ

**जागरूकता कार्यक्रम**



प्रतिनिधि,पिस्कानगड़ी

वन उत्पादकता संस्थान लालगुटवा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत भ्रष्टाचार का विरोध करें राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें कार्यक्रम का समापन हुआ. कार्यक्रम का उदघाटन संस्थान के निदेशक डॉ अमित पांडेय एवं सतर्कता अधिकारी डॉ अनिमेष सिन्हा ने किया. उन्होंने संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्य में ईमानदारी एवं पारदर्शिता बनाये रखने की शपथ दिलायी. इस दौरान क्विज, चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. इसमें राजकीय प्राथमिक विद्यालय नगड़ी, राजकीय मवि जगन्नाथपुर, टीवीएस उवि जगन्नाथपुर के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. मुख्य अतिथि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के उपमहानिरीक्षक शैलेश सिन्हा ने कहा कि हमें काम के प्रति ईमानदारी बरतने की जरूरत है. सफल विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. धन्यवाद ज्ञापन डॉ योगेश्वर मिश्रा ने किया. मौके पर डॉ आदित्य कुमार, अंजना तिर्की, रूबी कुजूर, सुभाष चंद्र सोनकर, रविशंकर प्रसाद, आरआर लाल शामिल थे.

आज





# सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

पिस्का। वन उत्पादकता संस्थान, रांची में 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर, विषय "भ्रष्टाचार का विरोध करेंय राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें" के अन्तर्गत सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस सप्ताह की शुरूआत 30 अक्टूबर को संस्थान के निदेशक डॉ. अमित पाण्डेय एवं संस्थान के सतर्कता अधिकारी डॉ. अनिमेष सिन्हा के द्वारा संस्थान के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एव विद्यार्थियों को अपने कार्यकलापों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता बनाए रखने की शपथ दिलाइ गई।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत दौरान क्विज, चित्रकला, और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, नगड़ी, राजकीयकृत मध्य विद्यालय, जगन्नाथपुर और टीवीएस उच्च विद्यालय, जगन्नाथपुर के विद्यार्थियों सहित संस्थान के सभी कर्मी तथा उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने भी भाग लिया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में संस्थान के सतर्कता अधिकारी ने भ्रष्टाचार के आंकडों को दर्शाते हुए इसके उन्मूलन के प्रयासों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि के रूप में शैलेन्द्र सिन्हा(उप महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो)उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि अपने आसपास के लोगों को जागरूक करना चाहिए और भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा डंटे रहना चाहिए। समापन समारोह में संस्थान के निदेशक ने विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार मुक्त जीवन की राह पर चलने की सलाह दी, साथ ही संस्थान द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को बधाई दी। विजेताओं को स्मृति चिन्ह सहित प्रमाण पत्र दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन योगेश्वर मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के निदेशक डॉ. अमित पाण्डेय, वरिष्ठ वैज्ञानिकों डॉ. योगेश्वर मिश्रा, डॉ. अनिमेष सिन्हा, डॉ. आदित्य कुमार, अंजना तिर्की, रूबी कुजूर, डॉ. सुभाष चंद्र सोनकर, रविशंकर प्रसाद, आर आर लाल, सुशीत बनर्जी, सूरज कुमार, बसंत कुमार, करम सिंह मुंडा, अतनु सरकार एवं संस्थान के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

Morning India | 03 | Ranchi, Wednesday November 8, 2023 | JHARKHAND

# Institute of Forest Productivity organized Vigilance Awareness Week - 2023



RANCHI: RICFRE - Institute of Forest Productivity, Ranchi organized the Vigilance Awareness Week 2023 from 30 October 2023 to 5 November 2023, on the theme "Say no to corruption; commit to the Nation". The programme was started by the Director of the Institute, Dr. Amit Pandey and the Vigilance Officer of the Institute, Dr. Animesh Sinha who administered oath to all the officers, employees and students of the Institute to maintain honesty and transparency in their activities on 30th October 2023. Quiz, Painting, and Essay Writing Competition was organized during the stipulated period for the Vigilance Awareness Week - 2023.